__/__/____

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.
Date -  Class - VI
Subject - Hindi Language  Page - 1
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

पुस्तक - आमोद भाग - 6
उपविषय - तत्सम - तद्भव शब्द

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ 'तत्सम-तद्भव' शब्द कक्षा छठी की हिन्दी व्याकरण की पाठ्यपुस्तक आमोद भाग-6 की पृष्ठ - संख्या 17 में दिया गया है। यह पाठ आपको 18 अप्रैल, 2022 को भेजा जाएगा।

प्यारे बच्चो ! आज हम इस पाठ में 'तत्सम-तद्भव' शब्दों के बारे में पढ़ेंगे। इस लिए सभी बच्चे अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के दौरान कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो ! अब मैं आपको 'तत्सम-तद्भव' शब्दों के बारे में समझाने जा रही हूँ, सभी बच्चे इसे ध्यानपूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।

बच्चो ! हिन्दी भाषा विशाल सागर के समान है, जिसमें अन्य भाषाओं की शब्द रूपी नदियाँ आकर मिलती रहती हैं तथा इसे और भी समृद्ध बनाती हैं। भाषा के शब्द भण्डार में निरंतर वृद्धि होती है। भाषा कुछ शब्द स्वयं बनाती है, तो कुछ शब्द अन्य भाषाओं से ग्रहण करती है। बच्चो ! हिन्दी भाषा में शब्दों का वर्गीकरण चार आधारों पर किया जाता है।

Scanned with CamScanner

Date -  Class - VI

Subject - Hindi Language  Page - 2

Subject Teacher - Ms. Roma Rani

**शब्द भेद**

- उत्पत्ति के आधार पर
- रचना के आधार पर
- प्रयोग के आधार पर
- अर्थ के आधार पर

बच्चो! अब हम उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के भेद समझेंगे।

**उत्पत्ति के आधार पर शब्द भेद**

- तत्सम शब्द
- तद्भव शब्द
- देशज शब्द
- विदेशी शब्द

बच्चो! आज हम इस पाठ में तत्सम और तद्भव शब्दों के बारे में विस्तारपूर्वक जानेंगे।

⇒ **तत्सम शब्द** :- तत् का अर्थ (उसके) + सम का अर्थ (समान) अर्थात् उसके समान।

यानी वे शब्द जो संस्कृत भाषा से हिन्दी भाषा में बिना किसी बदलाव के (मूल रूप) में प्रयोग किए जाते हैं, तत्सम शब्द कहलाते हैं।

जैसे :- क्षेत्र, कार्य, मृत्यु, सूर्य, पत्र, अग्नि आदि।

Scanned with CamScanner

Date- Class- VI
Subject- Hindi Language Page- 3
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

⇒ **तद्भव शब्द :-** तद् का अर्थ है (उससे) + भव का अर्थ है (पैदा हुआ) अर्थात् संस्कृत शब्द से उत्पन्न हुआ। जो शब्द संस्कृत के शब्दों से कुछ बदलाव से बने हैं, वे तद्भव शब्द कहलाते हैं।

**जैसे :-** • घट का तद्भव रूप घड़ा होता है।
• पीत का तद्भव रूप पीला होता है।

बच्चो! मैंने आपको तत्सम और तद्भव शब्दों के बारे में समझा दिया है। अब मैं आपको इसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न - 1. उत्पत्ति के आधार पर शब्द के कितने भेद होते हैं?

प्रश्न - 2. तत्सम शब्द का शाब्दिक अर्थ क्या है?

प्रश्न - 3. तद्भव शब्द कौन-से होते हैं?

बच्चो! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

उत्तर - 1. उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के चार भेद होते हैं।

उत्तर - 2. तत्सम शब्द का शाब्दिक अर्थ है (उसके समान)

उत्तर - 3. जो शब्द संस्कृत के शब्दों में कुछ बदलाव से बने हैं, वे तद्भव शब्द कहलाते हैं।

बच्चो! अब मैं आपको कुछ तत्सम एवं तद्भव शब्द कराऊँगी। जिन्हें आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

__/__/____

Date-  Class - VI
Subject- Hindi Language  Page - 4
Subject Teacher - Ms. Roma Rani.

| | तत्सम | तद्भव |
|---|---|---|
| 1. | अक्षि | आँख |
| 2. | अंधकार | अँधेर |
| 3. | अणच | आँच |
| 4. | अलवण | अलोना |
| 5. | आखेट | अहेर |
| 6. | उद्धर्तन | उबटन |
| 7. | उच्च | ऊँचा |
| 8. | किरण | किरन |
| 9. | कर्म | काम |
| 10. | कदली | केला |
| 11. | किंचित | कुछ |
| 12. | गार्जर | गाजर |
| 13. | गोस्वामी | गुसाईं |
| 14. | गोत्र | गोत |
| 15. | गणन | गिनना |
| 16. | घोटक | घोड़ा |
| 17. | घृत | घी |
| 18. | अंगुष्ठ | अंगूठा |
| 19. | अज्ञानी | अनजान |
| 20. | अद्य | आज |

बच्चो ! मैंने आपको तत्सम और तद्भव शब्द करवा दिए हैं। आशा है आप सभी को यह अच्छे से समझ आ गए होंगे।

* सभी बच्चे इस कार्य को अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

धन्यवाद !

Last page.

Scanned with CamScanner